## सामने खड़े व्यक्ति के साथ पूरा न्याय होना चाहिएः सुधीर जैन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन ने एक कार्यक्रम में कहा कि न्यायाधीश रहते हुए मैंने समझा कि सामने खड़ा व्यक्ति जो न्याय के लिए आया है उसके साथ पूरा न्याय होना चाहिए। मैंने समझा कि कानूनी जीवन में आध्यात्मिकता होना आंतरिक स्थिरता की कुंजी है, जिससे हम संवेदनशीलता, करूणा तथा दया के साथ यथार्थ न्याय कर सकते हैं। पूर्व न्यायाधीश जैन ने कहा कि कर्म का सिद्धांत और नैतिक साहस बताता है कि हर विचार, शब्द और कर्म का परिणाम होता है और यह समझ दबाव में भी सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करता है। पूर्व न्यायाधीश जैन शनिवार को ब्रह्माकुमारी के ज्यूरिस्ट प्रभाग द्वारा दिल्ली क्षेत्रीय मुख्यालय न्यू रोहतक रोड करोलबाग में न्यायविद, अधिवक्ता तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर ज्यूरिस्ट विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा राजयोगिनी बीके पुष्पा दीदी, गुरुग्राम ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निदेशिका राजयोगिनी बीके आशा दीदी, जिला सिविल जज किम्मी सिंगला अधिवक्ता एस भल्ला पूर्व अध्यक्ष आईएएआई, आर एस एस नगर कार्यवाहक नई दिल्ली अधिवक्ता चन्द्र भूषण, एडवोकेट मनीष जैन, बी के सविता, बी के येशू, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता प्रज्ञा बहन, सी ए हितेंद्र तथा लगभग 250 लीगल व्यवसायी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# जमीन हड़पने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने दक्षिण दिल्ली में जमीन हड़पने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है और ग्रेटर कैलाश-एक में एक आवासीय संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी आशीष चौधरी, मुख्य सरगना विनीत कुमार सैगल और दिलीप कुमार पांडे ने कथित तौर पर बुजुर्गों की संपत्तियों को निशाना बनाया, स्वामित्व के फर्जी कागजात बनाकर और झूठा दावा पेश करने के लिए दीवानी मुकदमेबाजी शुरू की। पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि मामला तब सामने आया, जब ग्रेटर कैलाश के एक निवासी ने शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि एक राष्ट्रीय अखबार में प्रकाशित एक फर्जी सार्वजनिक नोटिस में कुछ अज्ञात लोगों ने उसकी पैतृक संपत्ति पर मालिकाना हक होने का दावा किया था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से यह पता चला है कि दस्तावेजों के आधार पर यह संपत्ति कई दशकों से शिकायतकर्ता और उसके परिवार की है। ग्रेटर कैलाश थाने में मामला दर्ज किया गया और बाद में विस्तृत जांच के लिए इसे अपराध शाखा को सौंप दिया गया। डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने कथित जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज तैयार किए थे, ताकि स्वामित्व का दावा किया जा सके।

अधिकारी ने कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता की संपत्ति पर दावा करने और उसे एक अनजान खरीदार को बेचने के लिए कथित तौर पर जाली वसीयत और बिक्री विलेख सहित दो अलग-अलग प्रकार के फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता को कथित धोखाधड़ी के बारे में तब पता चला, जब एक रिश्तेदार ने उसे एक वर्गीकृत विज्ञापन के बारे में सूचित किया, जिसमें संपत्ति पर स्वामित्व का दावा किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने 22 जनवरी को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि चौधरी एक वकील है, जबकि पांडे का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है।

## सौतेले बेटे की हत्या करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 36 वर्षीय एक व्यक्ति को अपने 12 वर्षीय सौतेले बेटे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मामले में शनिवार को शास्त्री पार्क निवासी आरोपी वाजिद खान को गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। रिश्तेदारों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि लड़के की मां ने अपने पहले पति की मृत्यु के एक साल बाद 2020 में खान से शादी की थी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों से घर में अक्सर झगड़े होते थे, खासकर जब से महिला की पहली शादी से हुए बेटे छात्रवास से वापस लौटे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि मृत बच्चे की मां और उसके बीच में अनबन चल रही थी।" उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी शास्त्री पार्क चौक के पास सातवीं के छात्र का शव मिलने के एक दिन बाद हुई।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 9.50 बजे घायल लड़के के बारे में सूचना मिली जिसे तुरंत जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि लड़के के शरीर पर कई चोटें थीं। उन्होंने कहा कि लड़के के सिर और आंखों पर घाव तथा मारपीट के निशान थे।

पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार शाम स्कूल से लौटने के बाद लड़का खेलने निकला था लेकिन वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने रात भर उसकी तलाश की। जांचकर्ताओं ने पाया कि आरोपी खान ई-रिक्शा चलाता था और उसी ने बृहस्पतिवार शाम करीब 6:30 बजे लड़के और उसके छोटे भाई को घर पर छोड़ा था। इस संबंध में शास्त्री पार्क थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गुरु तेग बहादुर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## किराड़ी : शर्मा कॉलोनी में नालों की सफाई का कार्य जारी



- जलनिकासी व्यवस्था सुधारने के लिए लगाए गए हैं पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के निठारी वार्ड संख्या 40 स्थित शर्मा कॉलोनी में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए निगम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वार्ड की पार्षद ममता गुप्ता ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए बताया कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली शर्मा कॉलोनी के वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली सरकार सहित कई विभाग हरकत में आए और उसके बाद से ही यहां कई पंपों के माध्यम से जलनिकासी के कार्य जारी हैं और हाल ही में निठारी तालाब पर दो पंप लगाए जा गए हैं, ताकि क्षेत्र में बने जल जमाव की स्थिति को जल्द समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि शर्मा कॉलोनी में पानी की निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के साथ-साथ सभी नालों की नियमित सफाई का कार्य जारी है। जो नाले लंबे समय से बंद पड़े हैं, उन्हें भी खुलवाया जा रहा है ताकि बारिश का पानी बिना रुकावट निकल सके। पार्षद ममता गुप्ता ने बताया कि निगम की टीम द्वारा प्रतिदिन सड़कों और नालियों की सफाई कराई जा रही है। इसके साथ ही जहां-जहां नालियां जाम पाई जा रही हैं, वहां तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें साफ कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम का उद्देश्य है कि क्षेत्र के लोगों को जलभराव और गंदगी से राहत मिले तथा स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## टैंकर से मौत मामले पर डीजेबी ने लिया संज्ञान, मालिक को कारण बताओ नोटिस किया जारी

**नई दिल्ली।** एक निजी पानी टैंकर की चपेट में आने से हुई एक महिला की दर्दनाक मौत पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने संज्ञान लिया लेते हुए उसके मालिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। इस बारे में डीजेबी से मिली जानकारी के अनुसार 30 जनवरी 2026 को दोपहर लगभग 2 बजे, सी-ब्लॉक, धोबी घाट, जहांगीरपुरी में मैसर्स मुकेश कुमार के स्वामित्व के तहत डीएल जीई-2203 वाले एक किराए के पानी के टैंकर से एक जानलेवा सड़क दुर्घटना हुई। डीजेबी ने कहा कि दुर्घटना वाली जगह पर मौके पर शुरुआती जांच में सामने आया कि एक महिला स्कूटर सवार की टक्कर उक्त टैंकर से हुई है। बताया गया है कि स्कूटर सवार महिला सड़क पर गलत साइड से जा रही थी और उसने अपने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे दुर्घटना हुई। डीजेबी ने कहा कि दुर्भाग्य से, स्कूटी सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना के सही क्रम और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। डीजेबी ने कहा कि मामले की पूरी जांच पूरी होने और संबंधित अधिकारियों द्वारा तथ्यों के सत्यापन के बाद और जानकारी साझा की जाएगी। डीजेबी ने स्वयं सहित टैंकर ठेकेदार द्वारा हर प्रकार की जांच में दोनों अपना पूरा पूरा सहयोग मिलगा। डीजेबी द्वारा ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया जा रहा है। बता दें कि शुक्रवार को जहांगीरपुरी व आदर्श नगर के बीच बने शाह आलम बांध के पास दोपहर के समय एक टैंकर ने स्कूटी का टक्कर मार दी थी, जिसमें एक 30 वर्षीय महिला चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## वीर बाल दिवस देता है हमें साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



वीर बाल दिवस हमें साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रथम नगर निगम वीरता फ़ुटबॉल कप प्रतियोगिता 2026 के उद्घाटन के अवसर पर यह संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम का प्रयास है कि खेलों के माध्यम से हमारे बच्चे न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनें, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास जैसे गुण भी विकसित हों। यह फ़ुटबॉल कप उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि यह भव्य आयोजन खाटू श्याम जी स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर निगम के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अमित खड़खड़ी, अतिरिक्त आयुक्त (शिक्षा) पंकज नरेश अग्रवाल सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम हैं। दिल्ली नगर निगम शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व दे रहा है, ताकि हमारे विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें। शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश कुमार वर्मा ने कहा कि नगर निगम के विद्यालयों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव बनती हैं।

# 31 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट सहित तीन लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से 31 किलोग्राम अल्प्राजोलम की टैबलेट (गोलियां) जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी कथित तौर पर हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रतिबंधित मादक पदार्थ के अवैध उत्पादन, परिवहन और वितरण में लिप्त एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा थे। अधिकारी ने बतायया कि यह अभियान एनसीआर में सक्रिय मादक पदार्थ के तस्करों पर नजर रखने के उद्देश्य से खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया। विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर टीम ने नंद नगरी बस डिपो के पास दो आरोपियों को उस समय गिरफ्तार किया जब वे उत्तर प्रदेश से संबंधित पंजीकरण संख्या वाली एक कार में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी शमीम, बुलंदशहर निवासी राजीव शर्मा और मोहित गुप्ता के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने 31 किलोग्राम अल्प्राज़ोलम टैबलेट बरामद की, अनुमान है कि गोलियों की संख्या करीब तीन लाख है जो स्वापक ओषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम में परिभाषित वाणिज्यिक मात्रा के अंतर्गत आती हैं। अधिकारियों ने बताया कि अल्प्राज़ोलम की व्यावसायिक मात्रा की सीमा 100 ग्राम है।

पुलिस ने बताया कि गोलियों के अलावा, टीम ने 'अल्प्राज़ोलम' छपा हुआ 11 किलोग्राम एल्युमीनियम फ़ॉइल, गोलियों की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली 25 किलोग्राम पीवीसी शीट रोल, बैच नंबर, निर्माण और समाप्ति तिथि अंकित 20 मुहर और परिवहन में इस्तेमाल की गई कार जब्त की। उसने बताया कि पैकेजिंग सामग्री और प्रिंटिंग उपकरणों की बरामदगी से बड़े पैमाने पर अवैध दवा निर्माण प्रतिष्ठान का संकेत मिलता है। पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत 29 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान, वाहन मोहित गुप्ता के नाम पर पंजीकृत पाया गया, जिसे बाद में अन्य आरोपियों की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान शर्मा ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि वह गुप्ता के निर्देश पर हिमाचल प्रदेश में शमीम और उसके सहयोगी रणदीप से अल्प्राज़ोलम की गोलियां एकत्र करता था और उन्हें बुलंदशहर की स्थानीय फार्मेसियों को आपूर्ति करता था। पुलिस के मुताबिक शमीम ने कथित तौर पर खुलासा किया कि वह और उसका साथी हिमाचल प्रदेश के परवानू में एक अवैध विनिर्माण इकाई चला रहे थे, जहां गोलियों का उत्पादन किया जाता था और हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में वितरकों को आपूर्ति की जाती थी।

## दिल्ली सरकार ने पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई फुट ओवर ब्रिजों को दी मंजूरी : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई नए फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। इस बात की जानकारी पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शनिवार को दी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह पहल दिल्ली सरकार की उस व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, ट्रैफिक दबाव घटाना और रोजाना लाखों लोगों को सुरक्षित तथा सुव्यवस्थित पैदल मार्ग उपलब्ध कराना है। मंत्री प्रवेश ने बताया कि जिन स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज स्वीकृत किए गए हैं उनमें मधुबन चौक (विकास मार्ग–पटपड़गंज रोड), वेलकम कट, जीटी रोड, शाहबाद डेयरी, बादली–बवाना रोड, बेर सराय मार्केट, वेदांत देशिका मार्ग, कटवारिया सराय-लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ के पास, ओखला सब्जी मंडी, कैप्टन गौर मार्ग, जनकपुरी-ब्लॉक ए-2 के पास, जीवन पार्क बस स्टैंड और लाल सिंह चौक-माता चानन देवी अस्पताल के पास शामिल है। मंत्री ने बताया कि इन सभी स्थानों का चयन ट्रैफिक अध्ययन और जमीनी निरीक्षण के बाद किया गया है, इन जगहों पर भारी पैदल आवाजाही, दुर्घटनाओं की आशंका और रोजमर्रा के यात्रियों की जरूरतें सबसे अधिक हैं। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार सुरक्षित सड़कों के निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। दिल्ली के तेज विकास के साथ आधुनिक और व्यावहारिक समाधान ज़रूरी हैं। किसी भी नागरिक को सड़क पार करते समय अपनी जान जोखिम में नहीं डालनी चाहिए। ये फुट ओवर ब्रिज ठीक उन्हीं स्थानों पर बनाए जा रहे हैं जहां सुरक्षा की सबसे अधिक आवश्यकता है।

तेज कार्यान्वयन पर जोर देते हुए मंत्री प्रवेश ने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं के लिए कड़ी समय-सीमा तय कर दी गई है। अब धीमी रफ्तार वाली परियोजनाओं की संस्कृति खत्म होनी चाहिए। फरवरी 2026 से निर्माण कार्य शुरू होगा और तय समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। जवाबदेही और गति अब अनिवार्य हैं। मंत्री प्रवेश ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि साइट तैयारी, यूटिलिटी शिफ्टिंग और अनुमतियों पर समानांतर रूप से काम किया जाए ताकि किसी भी तरह की रुकावट न आए।

## एमसीडी ने प्रदूषण फैलाने वाली 5 अवैध फैक्ट्रियां सील

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पश्चिमी ज़ोन में प्रदूषण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 अवैध और प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों को सील कर दिया है। निगम प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली नगर निगम प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है और आगे भी जारी रहेगी। यह कार्रवाई एमसीडी की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से विकास नगर, बापरोला और रणहोला क्षेत्रों में की। सील की गई फैक्ट्रियां स्प्रे पेंटिंग, प्रिंटिंग डाई वर्क और सीएनसी मशीन संचालन जैसे कार्यों में लगी हुई थीं, जिससे वायु और जल प्रदूषण गंभीर स्तर पर फैल रहा था। इन इकाइयों के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली के पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए निगम 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत लगातार कार्रवाई कर रहा है। भविष्य में भी अवैध और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## अटल कैंटीन से खाने के लिए आधार कार्ड, रेटिना जांच गरीबों का मजाक उड़ानाः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई अटल कैंटीन को लेकर निशाना साधा है। यादव ने कहा कि अटल कैंटीन से खाना लेने के लिए आधार कार्ड और रेटिना जांच करना सीधे सीधे गरीबों का मजाक उड़ाना है। दिल्ली सरकार का यह निर्णय गरीब लोगों के साथ भद्दा मजाक है। रेखा सरकार अटल कैंटीन की संख्या बढ़ाने की बजाय गरीब मजदूर लोगों के खाने की भूख पर ही लगाम लगाना चाहती है। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार गरीब झुग्गी वालों को भूख से समझौता करने की शर्त के साथ अब अटल कैंटीन में 5 रुपये में खाना देगी। जहां पहले से ही सस्ते खाने के लिए सैंकड़ों लोग अटल कैंटीन पर लम्बी लाईनों में लगे रहते है। वहीं नए नियम के बाद अगर आधार और रेटिना चेक की औपचारिकताओं के बाद ही लोगों को खाना देगी तो इस प्रक्रिया में ही उसे तीन स चार घंटे लाइन में खड़ा होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली के लगभग 16 लाख झुग्गीवालों को जांच के नाम पर केवल परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 675-685 जेजे क्लस्टर है। आधार कार्ड और रेटिना जांच इस लिए लागू की गई है कि एक ही आदमी दो अटल कैंटीन से खाना लेता है। उन्होंने हैरानी जताई कि मौजूदा अटल कैंटीनों की दूरी लगभग 3-5 किलोमीटर है, तो कैसे संभव है एक ही व्यक्ति एक कैंटीन से खाना लेने के बाद दूसरी अटल कैंटीन से खाना ले सकता है। जबकि प्रत्येक अटल कैंटीन से खाना लेने के लिए सुबह से ही 500 से भी अधिक लोग लाईन में लगे होते है। उन्होंने कहा कि सरकार को अटल कैंटीन में एक समय में मिलने वाली थालियों को संख्या बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। आधार कार्ड जांच जैसी शर्ते लागू करके भूख के लिए संघर्ष कर रहे लोगों को परेशान नहीं करना चाहिए। करीब 16 लाख के लगभग गरीब लोगों की भूख सिर्फ 86 अटल कैंटीन नहीं मिटा सकती। रेखा गुप्ता सरकार 86 अटल कैंटीन के द्वारा एक समय में सिर्फ 43000 थालियां ही उपलब्ध करा पा रही है। अगर सुबह और शाम का भी जोड़ दिया जाए तो एक दिन में सरकार सिर्फ 86000 थालियां उपलब्ध है और भविष्य में थालियों को बढ़ाने की सरकार ने किसी योजना की घोषणा भी नही की है। उन्होंने कहा कि जेजे कलस्टर वालों की जनसंख्या 16 लाख के करीब है जबकि बाजारों, फेक्ट्रियों, अस्पताल के नजदीक गरीब लोगों की संख्या को जोड़ा जाए तो 4-5 लाख की संख्या और जुड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि 20 लाख गरीब लोगों की भूख मिटाने का दावा करने वाली रेखा गुप्ता सरकार की अटल कैंटीन योजना ऊँट के मुँह में जीरा साबित हो रही है।

## शास्त्री पार्क में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में शनिवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सुबह एक व्यक्ति के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वैज्ञानिक विश्लेषण के लिए साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। उसने बताया कि कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

ट्रांसपोर्टरों एवं कार्गो संचालकों के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल से एचएचवी/सामान्य कोच से चलने वाली गाड़ी सं. 12225/26 मे 24 टन भार वीपीयू को 03 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर आवंटित करने हेतु ई-नीलामी।

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा मंडल से एलएचवी/सामान्य कोच से चलने वाली गाड़ी सं. 12225/26 मे 24 टन भार वीपीयू को पट्टे पर आवंटित करने हेतु ई-नीलामी के अन्तर्गत खुली नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**ई-नीलाम किये जाने वाले वीपीयू का विवरण निम्नवत है :-**

क्र.सं. 1. गाड़ी सं. 12225/26, ई-नीलामी कैटलाग सं : BSB8LEASING26, एसएलआर/वीपूयू : वीपीयू, कंपाटमेंट : -, वीपीयू/एसएलआर की क्षमता (टन मे) : 24, ई-नीलामी की तिथि : 12.02.2026, ई-नीलामी की समय : 10:00 से 10:30 बजे, अमानत राशि (रू. मे) : कॉन्ट्रैक्ट की वार्षिक कीमत का 10%, बेवसाईट पता : www.ireps.gov.in

नोट - 1. ई-नीलामी IREPS (E-Auction leasing Portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाईन होगी। 2. ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10000/- +GST (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) मे चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, अमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाईन उसी खाते से होगी। 3. ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing Section मे उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.) वाराणसी

मुजाधि/वा० - 246

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

### बल्लियों के बीच से आने-जाने को मजबूर बच्चे

# निगम उत्कृष्ट बाल विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा से हो रहा खिलवाड़

दया राम ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम के अधीन संचालित विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। नरेला ज़ोन के अलीपुर वार्ड स्थित अलीपुर गांव के निगम उत्कृष्ट बाल विद्यालय से ऐसा ही एक मामला सामने आया है। बता दें कि यहां विद्यालय के अंदर प्रवेश द्वार की हालत जर्जर अवस्था में है और मरम्मत कार्य के चलते दोनों ओर बल्लियां लगाकर रास्ता बंद किया गया है। हालांकि पास से ही आवागमन का भी रास्ता हैं लेकिन जिस समय बच्चों का आना जाना होता है उस समय यहां बच्चों की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। हकीकत यह है कि बिना किसी निगरानी के बच्चे इन्हीं बल्लियों के बीच से निकलकर स्कूल में आ-जा रहे हैं। शनिवार को कई बच्चे इसी खतरनाक रास्ते से आते-जाते देखे गए, जो सीधे तौर पर उनकी जान को जोखिम में डालने जैसा है। वहीं, इस संबंध में निगम शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी का कहना है कि इस लापरवाही के संबंध में संबंधित शिक्षा अधिकारी को अवगत करा दिया गया है और इस मरम्मत कार्य के दौरान बच्चों के आवागमन के दौरान विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, इस संबंध में स्थानीय जागरूक लोगों का कहना है कि यदि कोई बड़ा हादसा हो गया तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? सवाल यह भी है कि जब मरम्मत कार्य चल रहा है तो निगम प्रशासन और शिक्षा विभाग आंख मूंदे क्यों बैठा है। यह मामला केवल एक स्कूल का नहीं, बल्कि दिल्ली नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जबकि दिल्ली नगर निगम में शिक्षा विभाग प्रशासन और शिक्षा समिति के पदाधिकारी कहते हैं कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। अब देखना यह है कि निगम प्रशासन किसी दुर्घटना के बाद या उससे पहले, कब जागेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ रवि पुत्रः राजेश** पताः **ईई 2836, जहाँगीरपुरी, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली** ने case **FIR No. 726/2020 U/s 23/35/59 Arms Act, थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 726/2020 U/s 23/35/59 Arms Act, थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.03.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री विकास मदान
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
पश्चिम, रूम नं. 289
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1315/WD/2026 (Court Matter)

## आप पार्षद सरिता फोगाट का निधन, केजरीवाल ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** ग्रीन पार्क से निगम पार्षद सरिता फोगाट का शुक्रवार की रात को लंबी समय से गंभीर बीमारी के दौरान निधन हो गया। इस दुखद घटना पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दुख जताया है। सरिता फोगाट का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे ग्रीन पार्क के श्मशान घाट में कर दिया गया। उनके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। केजरीवाल ने मालवीय नगर के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती के एक पोस्ट को रिट्वीट करते हुए लिखा कि 'आप पार्षद सरिता फोगाट जी का निधन बेहद दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। सोमनाथ भारती ने अपने पोस्ट में लिखा है कि बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी बड़ी बहन समान सरिता फोगाट (वर्तमान निगम पार्षद, ग्रीन पार्क) का शुक्रवार रात्रि 2.30 बजे स्वर्गवास हो गया। वे पिछले काफी समय से गंभीर बीमारी से संघर्षरत थीं। इस दुखद घटना पर आप के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आप के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज, पूर्व मुख्यमंत्री व दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने भी शोक प्रकट किया है।

### मुख्यमंत्री ने महरौली विधानसभा में 135 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

# सड़कों से पार्क तक बदलेगी महरौली की तस्वीर : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सड़कों के सुदृढ़ीकरण और पार्कों के सौंदर्यीकरण से महरौली विधानसभा की तस्वीर बदलेगी। यह बात शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महरौली विधानसभा क्षेत्र में 135 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ करने के अवसर पर कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक महरौली क्षेत्र में इन परियोजनाओं की शुरुआत क्षेत्र के समग्र कायाकल्प और वर्षों से लंबित बुनियादी आवश्यकताओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली बार यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी न रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, महरौली विधायक गजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महरौली विधानसभा में आज 135 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के माध्यम से क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत सड़कों का पुनर्निर्माण, मरम्मत, जर्जर चौपालों और सामुदायिक भवनों का जीर्णोद्धार, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, पार्कों का सौंदर्यीकरण, बच्चों के लिए झूलों की स्थापना, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए नए ओपन जिम उपकरणों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था अधिक सुगम होगी, सार्वजनिक स्थल अधिक सुरक्षित बनेंगे और नागरिकों को बेहतर जीवन गुणवत्ता का लाभ प्राप्त होगा।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महरौली केवल विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि दिल्ली की प्राचीन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। मां योगमाया मंदिर, गुरुद्वारा, लौह स्तंभ, पुरातत्व पार्क और अनेक ऐतिहासिक स्मारकों से समृद्ध यह भूमि हजारों वर्षों के इतिहास की साक्षी रही है।



## केंद्र का बजट विकसित भारत के विजन को देगा बल : सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को विश्वास व्यक्त किया है कि केंद्र सरकार का आगामी बजट विकसित भारत की संकल्पना को और सशक्त करेगा। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि केंद्रीय बजट दिल्ली के समग्र विकास को नई गति देगा और विकसित दिल्ली की सोच को और पंख लगाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए जाने वाला केंद्र सरकार का बजट भारत को वर्ष 2047 तक एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र बनाने में भी सहयोग देगा। यह बजट देश की आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम होगा। मुख्यमंत्री का मानना है कि केंद्र के बजटीय प्रावधानों का सकारात्मक प्रभाव राष्ट्रीय राजधानी की विकास योजनाओं पर भी पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान में भारत को वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने के विजन पर कार्य कर रहे हैं। इस दिशा में बुनियादी ढांचे का विकास और तकनीकी प्रगति केंद्र सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरका का बजट राष्ट्रीय राजधानी को विकसित दिल्ली बनाने की दिशा में भी सहयोग प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार केंद्र सरकार पहले से ही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अपनी भूमिका निभा रही है। यमुना की सफाई के लिए चल रहे प्रोजेक्ट्स और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण में केंद्रीय सहयोग मिल रहा है। इसके अतिरिक्त दिल्ली मेट्रो के आगामी चरणों के विस्तार में भी केंद्र की वित्तीय सहभागिता बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की योजनाएं दिल्ली में भी प्रभावी ढंग से लागू की जा रही हैं। प्रधानमंत्री की पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना जैसी पहल स्वच्छ ऊर्जा, बिजली बचत और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा दे रही है, जिससे दिल्ली जैसे महानगर को भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो के विस्तार में केंद्र सरकार की भूमिका निर्णायक रही है। दिल्ली मेट्रो परियोजनाओं में केंद्र और दिल्ली सरकार की साझेदारी राजधानी के आधुनिक परिवहन ढांचे को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## बवाना के हर कोने में सीवर, सड़क, पेयजल की होगी सुविधा : इंद्राज

**दिल्ली।** बवाना विधानसभा के हर कोने में सीवर, सड़क और पेयजल की सुविधा होगी। यह बात शनिवार को स्थानीय विधायक और समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा के साथ बवाना विधानसभा में विकास कार्यों का शुभारंभ करने अवसर पर कही। मंत्री इंद्राज के साथ पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शनिवार को रोहिणी सेक्टर-22 में पंजाब स्वीट्स के समीप सीवर लाइन विकास कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को वर्षों से चली आ रही जल-निकासी की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि यह कार्य मात्र एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि स्वच्छता, सुव्यवस्थित नागरिक जीवन एवं जनसम्मान के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। सेवा, विकास एवं जनकल्याण के मूल मंत्र के साथ बवाना विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति और परिणामों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इसके पश्चात बेगम विहार क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह द्वारा सौरभ प्रोपर्टीज के समीप स्थल भ्रमण एवं व्यापक जनसंपर्क किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया।

## सूद ने राज्य स्तरीय बहु-संवेदी टीएलएम प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को जनकपुरी के डेसू कॉलोनी के सीएमश्री स्कूल में शनिवार को दिल्ली में समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य स्तरीय बहु-संवेदी टीएलएम प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाषा, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में बहु-संवेदी शिक्षा शिक्षण-सामग्री के विकास के माध्यम से आनंदमय एवं अनुभवात्मक शिक्षण को सुदृढ़ करना है। दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, दिल्ली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय ज्वॉयफुल लर्निंग प्रोग्राम के तहत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों हेतु एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल की जा रही है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को अधिक इंटरैक्टिव, सुलभ और प्रभावी बनाना है, साथ ही शिक्षकों को ऐसे उन्नत शिक्षण उपकरण उपलब्ध कराना है, जिनसे वे अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझा सकें, शिक्षण परिणामों का मूल्यांकन कर सकें तथा कक्षा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बना सकें। उन्होंने यह भी कहा की यह प्रतियोगिता विद्यालयी शिक्षा में नवाचार, रचनात्मकता और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करने की दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार का मानना है कि शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि वह विद्यार्थियों के लिए एक आनंदमय, अनुभवात्मक और सहभागी प्रक्रिया होनी चाहिए।

## डीएमआरसी बना रहा है एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर दिल्ली एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन को बड़ा इंटरचेंज हब

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर स्थित दिल्ली एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन को मेट्रो नेटवर्क के एक प्रमुख और बड़े इंटरचेंज हब के रूप में विकसित करने जा रहा है। इस स्टेशन का विस्तार फेज़-चार के अंतर्गत निर्माणाधीन तुगलकाबाद–एयरोसिटी गोल्डन लाइन कॉरिडोर से अतिरिक्त कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हाल ही में इस कॉरिडोर के एयरोसिटी से आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल-1 स्टेशन (2.263 किलोमीटर) तक विस्तार को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। भविष्य में इस स्टेशन को ट्रिपल इंटरचेंज के रूप में विकसित किया जाएगा। क्योंकि एनसीआरटीसी के प्रस्तावित अलवर कॉरिडोर के लिए दिल्ली एयरोसिटी पर इंटरचेंज सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। नए दिल्ली एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन में एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और गोल्डन लाइन के बीच प्लेटफॉर्म-टू-प्लेटफॉर्म एवं कंकोर्स-टू-कंकोर्स पेड एरिया कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। यह प्लेटफॉर्म लगभग 22 मीटर की गहराई पर निर्मित किया जाएगा। गोल्डन लाइन का नया स्टेशन लगभग 290 मीटर लंबा होगा, ताकि इंटरचेंज की सभी आवश्यकताएं पूरी की जा सकें। वैसे सामान्य इंटरचेंज स्टेशन की लंबाई लगभग 260 मीटर होती है। योजना के अनुसार, गोल्डन लाइन और प्रस्तावित एनसीआरटीसी कॉरिडोर एक-दूसरे को लगभग तिरछी दिशा में क्रॉस करेंगे। भविष्य में एनसीआरटीसी प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए आवश्यक संरचनात्मक प्रावधान पहले से ही स्टेशन में शामिल किए जाएंगे।

## हर गरीब को राशन कार्ड देना सुनिश्चित करेगी भाजपा सरकार : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार स्वीकृत न्यूनतम वेतन से कम पाने वाले हर गरीब को राशन कार्ड देना सुनिश्चित करेगी और बेहतर होगा कि आम आदमी पार्टी नेता दिल्ली के गरीबों को गुमराह करना बंद करें। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को आप नेताओं पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार हर भारतीय गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध करवायेगी पर एक भी बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुसलमान का राशन कार्ड नहीं बनने देगी। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने राशनकार्ड को लेकर एक लाख तक वार्षिक आय वालों के लिए जो पहले आओ पहले पाओ स्कीम बनाई थी वह एक छलावा थी जिसकी आड़ में दिल्ली में हजारों हजार बंग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुसलमानों के राशनकार्ड बना दिए गये।

सचदेवा ने कहा है कि आप नेता डी.एम. के आधीन बनी कमेटी से इसलिए घबरा रहे हैं क्योंकि अब उनके विधायकों की सिफारिश पर बांग्लादेशी एवं रोहिंग्याओं के साथ उनकी पार्टी के समृद्ध कार्यकर्ताओं को राशन कार्ड नहीं मिल पायेंगे। उन्होंने कहा है कि अब दिल्ली में भाजपा सरकार है और कोई अधिकारी किसी गरीब से ईडब्ल्यूएस कार्ड बनाने का पैसा मांगता है तो मुख्यमंत्री आवास एवं दिल्ली भाजपा कार्यालय के द्वार उनकी सुनवाई के लिए खुले हैं।

## आईपीयू : 'अमान्य कानून और अमान्य अधिकार' पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने द्वारका परिसर में "अमान्य कानून और अमान्य अधिकार" पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। आईपीयू प्रशासन ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन कानूनी ढांचे में आमान्य कानूनों की प्रासंगिकता और निरंतर महत्व का पता लगाना था, जिसमें सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक प्रथाओं, दृष्टिकोण और पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर विशेष ध्यान दिया गया था। उद्घाटन सत्र में ब्रतिन सेनगुप्ता, पूर्व सदस्य, राज्यसभा, और न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) संजीव जैन ने भाग लिया, जिन्होंने सभा को संबोधित किया और समावेशी और संदर्भ-संवेदनशील कानूनी प्रणालियों को आकार देने में अमान्य कानून कानून की भूमिका पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। उनके संबोधनों ने विचार-विमर्श के लिए एक अर्थपूर्ण स्वर निर्धारित किया और पारंपरिक प्रथाओं को संवैधानिक मूल्यों के साथ समन्वय करने के महत्व पर जोर दिया।

सम्मेलन में भारत भर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने 50 से अधिक पेपर प्रस्तुत किए, जिसमें कई राज्यों का प्रतिनिधित्व था, जो विविध क्षेत्रीय और सामाजिक-कानूनी दृष्टिकोणों को दर्शाता है। यह आयोजन प्रो. महेश वर्मा, कुलपति, डॉ. कमल पाठक, रजिस्ट्रार, प्रो. शिवानी गोस्वामी, डीन, यूएसएलएलएस, प्रो. दीपशिका अग्रवाल, आयोजन सचिव और डॉ. जुबैर अहमद खान, संकाय समन्वयक के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

भारतीय तटरक्षक
वयम् रक्षामः ...




आपातकालीन समुद्री 'खोज एवं बचाव' टेलीफोन नं. 1554
नोटः कृपया किसी भी समुद्री आपातकालीन स्थिति में उपरोक्त टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करें

राष्ट्रपति पुरस्कार 2025 - 2026

गणतंत्र दिवस - 2026 (26 जनवरी 26)

अपर महानिदेशक डौनी माइकल, र.त.प., त.प. : अति विशिष्ट सेवा मेडल
उप महानिरीक्षक के एस सीताराम : विशिष्ट सेवा मेडल
महानिरीक्षक इकबाल सिंह चौहान, त.प., महानिरीक्षक दतविन्दर सिंह सैनी, त.प. : राष्टपति तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा)
प्र./नाविक (एम.ई.) सौम्य रंजन बेहेरा : उत्तम जीवन रक्षा पदक
स्वर्गीय समादेशक राकेश कुमार राना, स्वर्गीय समादेशक (क.श्रे.) विपिन बाबू, स्वर्गीय प्र./नाविक (आर.पी.) करन सिंह : तटरक्षक पदक (वीरता) मरणोपरान्त
समादेशक (क.श्रे.) शैलेन्द्र सिंह बिष्ट, प्र./नाविक (आर.पी.) गौतम यादव, प्र./नाविक (आर.पी.) बन्टी कुमार : तटरक्षक पदक (वीरता)
उप महानिरीक्षक विनोद कुमार परमार, उप महानिरीक्षक अरुण कुमार भारद्वाज, उप महानिरीक्षक सुधाकर पाटिल, समादेशक इन्दु पी, प्र./अधिकारी (आर.ओ.) तपस कुमार बनर्जी : तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा)

स्वतंत्रता दिवस - 2025 (15 अगस्त 25)

समादेशक श्रीनिवास गदम, समादेशक (क.श्रे.) अंकित शर्मा, समादेशक (क.श्रे.) राजकमल अत्री : तटरक्षक पदक (वीरता)
महानिरीक्षक अनुपम राय, उप महानिरीक्षक बिभूति रंजन : तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा)

CBC 10147/13/0016/2526

संपर्क करें: @IndianCoastGuard @IndiaCoastGuard @indiancoastguard_official @indiancoastguard9228

तटरक्षक में भर्ती हेतु, संपर्क करें : www.joinindiancoastguard.gov.in & www.indiancoastguard.gov.in

